हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 4 अक्तूबर 2023, समय 1305 (5 मिनट))

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने बताया है कि देशभर में लगभग आठ करोड़ 75 लाख लोगों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान पहली अक्तूबर को "एक तारीख एक घंटा एक साथ" अभियान में नौ लाख से अधिक स्थानों पर लोगों ने श्रमदान किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सड़कों, राजमार्गों और टोल प्लाजा, रेल पटरी, स्वास्थ्य संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पर्यटन स्थलों, आवासीय कॉलोनियों, जल निकायों और पूजा स्थलों पर सफाई अभियान चलाया गया। केंद्र सरकार के मंत्रालयों के तहत विभिन्न संगठन अनूठी गतिविधियों के साथ आगे आए और केंद्रीय मंत्री भी विभिन्न स्थलों पर श्रमदान में शामिल हुए। स्वच्छ भारत मिशन के नौ वर्षों में लोगों ने कई अवसरों पर ऐसे सामूहिक प्रयास किए हैं।

....

चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने कल चंडीगढ़ आवासीय बोर्ड में क्लर्क के पद पर नियुक्त किए गए 46 अभ्यार्थियों और चंडीगढ़ प्रशासक के स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग में जूनियर लेखा परीक्षक के पद पर नियुक्त किए गए 29 अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

इस अवसर पर चंडीगढ़ के महापौर अनूप गुप्ता चंडीगढ़ आवासीय बोर्ड के अध्यक्ष धर्मपाल व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान राज्यपाल ने नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में अपना कर्त्तव्य, ईमानदारी, समर्पण, जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ निभाने का अनुरोध किया।

....

पी एम विश्वकर्मा योजना को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लागू करने के लिए कल उपायुक्त विनय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में योजना बारे जिला

कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक आयोजित की गई जिसमें इस योजना को लागू करने की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि चंडीगढ़ में इस योजना को लागू करने के लिए उद्योग विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत योग्य विश्वकर्माओं को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और पहचान पत्र दिया जायेगा। इसके अलावा उन्हें पहली बार 1 लाख रूपये का ऋण और दूसरी बार 2 लाख रूपये का ऋण, 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर दिया जायेगा। योजना के तहत विश्वकर्माओं के कौशल में वृद्धि के लिए 40 घंटेका मूल प्रायोगिक प्रशिक्षण और 120 घंटेका उच्च प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा उन्हें टूल किट, ई वॉउचर के माध्यम से 15 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि और डिजिटल लेन देन व सामान बेचने में सहयोग दिया जायेगा। योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार लाभार्थी के पंजीकरण की सारी प्रक्रिया आधार सत्यापन और केंद्रीकृत पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। योग्य कारहगर एवं शिल्पकार पंजीकरण के लिए अपने नजदीकी संपर्क केंद्र पर जा सकते है।

....

आकाशवाणी चंडीगढ़ के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत अमृतकाल में शुरू की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आज का प्रश्न है:-
भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख क्रान्तिकारी सुखदेव का पूरा नाम क्या था?
प्रश्न एक बार फिर से सुन लें:-
भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख क्रान्तिकारी सुखदेव का पूरा नाम क्या था?
अपने उत्तर newsairchd@gmail.com पर तुरंत मेल करें।
कल पूछे गए प्रश्न का उत्तर है:-
पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने सन 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान "जय जवान जय किसान" का नारा दिया था।

इस प्रश्न का सही उत्तर देने वाले हमारे विजेता हैं:- हरियाणा के अम्बाला से आरुष तिवाड़ी।

....

हरियाणा सरकार ने राज्य के किसानों से पराली न जलाने का आग्रह किया और कहा है कि कृषि यंत्रों से पराली प्रबंधन करने पर किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपए दिए जाएंगे। किसान पराली प्रबंधन के लिए विभागीय पोर्टल पर 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कृषि विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत किसानों को पराली न जलाने व उसके उचित उपयोग बारे जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने बताया कि इस बार पराली जलाने की घटनाओं पर पूर्णतया रोक लगाने की व्यापक रणनीति तैयार की गई है। भूमि की उर्वरा शक्ति को बचाने के लिए धान की पराली का प्रबंधन तथा पराली को चारे के लिए उपयोग में लाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जाएगा।

....

आयुष्मान भव अभियान के तहत करीब 64 हजार लोगों ने अपने अंगदान करने का संकल्प लिया है। यह अभियान इस वर्ष 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के दौरान चलाया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने भी अंगदान के लिए पंजीकरण कराया है।

श्री मांडविया ने कहा है कि आयुष्मान भव अभियान सफल रहा और इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि लगभग दो लाख 70 हजार स्वास्थ्य मेले आयोजित किये गये। एक करोड़ 61 लाख से अधिक लोगों ने इसका लाभ उठाया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस अभियान के दौरान लगभग 64 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए गए और एक करोड़ से अधिक आभा कार्ड बनाए गए। इसके अलावा 14 हजार 157 रक्तदान शिविर आयोजित किये गये जिनमें करीब दो लाख 28 हजार यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

....